आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 06.11.2025 समय : 0705

- महिला विश्व कप विजेता टीम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की मुलाकात। इस अवसर पर क्रिकेटरों ने कहा प्रधानमंत्री हमेशा से हमारे प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।
- वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव का नई दिल्ली में शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री। कल से राष्ट्रीय गीत के सम्मान में वर्ष भर चलने वाला उत्सव शुरू हो जाएगा।
- द्वीपसमूह में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू। भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा–वंदे मातरम भारत की आत्मा और आजादी की प्रेरक ध्वनि है।
- द्वीपसमूह के उभरते कलाकारों को मिलेगा मंच–द गोल्डन वॉयस सीज़न–3 का ग्रैंड फिनाले 9 नवम्बर को।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर महिला विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम से मुलाकात की और टीम को शानदार जीत की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने टूर्नामेंट की शुरुआती हार के बाद टीम की मजबूत वापसी की सराहना की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बताया कि 2017 में वे ट्रॉफी के बिना प्रधानमंत्री से मिली थीं, लेकिन इस बार ट्रॉफी के साथ मिलना उनके लिए गर्व का क्षण है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने बताया कि 2017 में प्रधानमंत्री की मेहनत जारी रखने की सलाह आज भी उन्हें प्रेरित करती है।

><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष के स्मरणोत्सव का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होकर अगले वर्ष 7 नवंबर तक चलेगा। वर्षभर चलने वाला यह स्मरणोत्सव भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने वाली इस कालजयी रचना के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने राष्ट्रव्यापी समारोहों को मंजूरी दी थी। उद्घाटन समारोह में 'वंदे मातरम' के

इतिहास पर प्रदर्शनी, एक लघु वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन तथा स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया जाएगा।

><><><><><>

वर्ष 2027 में होने वाली भारत की जनगणना के पहले चरण में हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना, की शुरुआत पहली अप्रैल 2026 से होगी। यह पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा संग्रह, प्रबंधन और निगरानी मोबाइल एप्लिकेशन और जनगणना पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। जनगणना 2027 के लिए तैयार किए गए डिजिटल तंत्र की दक्षता जांचने के उद्देश्य से मध्योत्तर अंडमान के डिगलीपुर, निकोबार के ननकौड़ी और श्री विजयपुरम के एक वार्ड में परीक्षण कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मोबाइल एप्स, हाउसलिस्टिंग डेटा संग्रह, गतिविधियों की निगरानी और स्व–संख्या पोर्टल की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जाएगा।

><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछुआरे, मत्स्य पालनकर्ता, मत्स्य मजदूर, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य विकास निगम, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, मत्स्य सहकारी समितियाँ, मत्स्य महासंघ, उद्यमी, निजी फर्म, मछली किसान उत्पादक संगठन, कंपनियाँ, अनुसूचित जाति–जनजाति, महिलाएँ और दिव्यांग व्यक्ति आदि के लिए लाभार्थी–उन्मुख गतिविधियों के तहत सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन, उत्पादकता और मत्स्य क्षेत्र में लगे हितधारकों की आय को बढ़ाना है। लाभार्थी पात्रता के अनुसार आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

><><><><><>

प्रशासन के अधिकारियों ने हाल ही में दीन दयाल अंत्योदय योजना के तहत रंगत ब्लॉक का दौरा कर स्व–सहायता समूह, ग्राम संगठन और क्लस्टर स्तर संघ की गतिविधियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने सबरी ग्राम पंचायत के सदस्यों से बातचीत की और आजीविका संवर्धन, वित्तीय समावेशन व क्षमता निर्माण में हुई प्रगति की सराहना की।

><><><><><>

कल श्री विजयपुरम स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य समारोह

की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर कल दोपहर तीन बजे, द्वीपवासियों की भागीदारी से 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन कार्यक्रम सेल्युलर जेल के समीप शहीद पार्क में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक होगा। श्री तिवारी ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और आजादी के आंदोलन की प्रेरक ध्वनि है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभावना के प्रति सम्मान को अभिव्यक्त करेगा तथा युवाओं में देशभक्ति की भावना को और सशक्त बनाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जनता के विश्वास और विकास के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। पार्टी का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण है। प्रेस वार्ता में भाजपा अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के प्रदेश प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी के आगामी दौरे की जानकारी भी दी गई। श्री तिवारी ने बताया कि श्री कुलकर्णी इस सामूहिक गायन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और प्रदेशवासियों के साथ मिलकर 'वंदे मातरम्' का गायन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव आर. देवदास ने कहा कि वंदे मातरम् हमें एकता और त्याग की भावना सिखाता है। वहीं राज्य मीडिया समन्वयक एस.पी. इलंगो ने कहा कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी राष्ट्रीय धरोहर से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा। प्रेस वार्ता के अंत में अनिल कुमार तिवारी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेकर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की गूंज से पूरे द्वीप समूह को गुंजायमान करें।

><><><><><>

राज्य स्तरीय खेल संघ ने वर्तमान मौसम की स्थिति और छात्रों की अर्धवार्षिक परीक्षाओं को देखते हुए नवंबर और दिसंबर में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल कार्यक्रमों की तिथियों में बदलाव किया है। अब, जिला तीरंदाजी चैम्पियनशिप, ओपन स्टेट स्विमिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, और बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के चयन ट्रायल नई तिथियों पर आयोजित किए जाएंगे। तीरंदाजी का पंजीकरण पहले ही पूरा हो चुका है, जबकि तैराकी के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अभी भी जारी है। टेबल टेनिस, बैडमिंटन और बास्केटबॉल के लिए गूगल फॉर्म के जरिए पंजीकरण किया जा सकता है। इच्छुक प्रतिभागियों से संबंधित समन्वयकों से संपर्क कर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।

><><><><><>

खेल और युवा मामले विभाग, की ओर से नेताजी स्टेडियम खेल परिसर के वॉलीबॉल कोर्ट में एक वॉलीबॉल वैज्ञानिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। खेल प्रोत्साहन पहल के तहत, यह शिविर

चौदह नवम्बर को दोपहर तीन बजकर पन्द्रह मिनट से शाम साढ़े पाँच बजे तक लगेगा। शिविर का उद्देश्य विभिन्न आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों को वॉलीबॉल के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षण देना है। इच्छुक विद्यार्थी नेताजी स्टेडियम में वॉलीबॉल कोच के पास नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

**><><><><><><>**